आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 22.05.2024
समय : 0705
<><><><><><><>

- आज अंतराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस है–उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने द्वीपसमूह की समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण के लिए द्वीपवासियों से हरसंभव सहयोग करने की अपील की है।
- चार जून को होने वाली मतगणना के लिए इससे जुड़े कर्मियों के लिए दूसरे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- तीन नए आपराधिक कानून के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए दक्षिण अण्डमान पुलिस की ओर से कई भागों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।
- राज्य क्षय रोग अधिकारी डॉ. पी. लाल ने कहा कि क्षय रोग से बचने के लिए खान–पान को ठीक रखना बहुत जरूरी है।
- द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हो रही है।

<><><><><><><>

आज अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने अपने संदेश में कहा कि सम्पूर्ण विश्व और देश के साथ–साथ द्वीपों में भी पर्यावरण एवं वन विभाग ''वी पार्ट ऑफ प्लान'' थीम के साथ अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मना रहा है। उप राज्यपाल ने कहा कि इस दिवस के माध्यम से सभी हितधारकों से कुनमिंग मॉन्ट्रियल वैश्विक जैव विविधता ढांचे जिसे जैव विविधता योजना भी कहा जाता है, के कियान्वयन के साथ जैव विविधता की हानि को रोकने और उसकी प्रतिपूर्ति के लिए आवश्यक प्रयास करने का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि जैव विविधता योजना विविध कार्यकर्ताओं के बीच परस्पर सहयोग और साझेदारी का अवसर प्रदान करती है। साथ ही सरकारों, स्वदेशी लोगों, स्थानीय समुदायों, गैर सरकारी संगठनों, विधि निर्माताओं, व्यवसायों और व्यक्तियों को जैव विविधता योजना के कार्यान्वयन का समर्थन करने वाले उपायों को उजागर करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस अवसर पर उप राज्यपाल ने सभी

द्वीपवासियों से पृथ्वी की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए द्वीपसमूह की समृद्ध जैव विविधता के संरक्षण के लिए हर संभव सहयोग करने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

चार जून को होने वाले मतगणना के लिए मतगणना से जुड़े सुपरवाइजरों, सूक्ष्म पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायको ंऔर मतगणना कर्मियों के लिए दूसरे चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम डीब्रेट के सभागार में आयोजित हुआ। जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय को मतगणना केन्द्र बनाया गया है। स्रोत अधिकारी सोम नायडू ने मतगणना के दिन इससे जुड़े अधिकारियो और कर्मियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सबसे पहले डाक मत पत्रों की जांच की जाएगी। मतगणना के लिए दो हॉल मिलाकर कुल अट्ठाइस टेबल लगाए जाएंगे। मास्टर ट्रेनर एम. पापाराव और उनके सहयोगी डॉ. ए. अब्राहम ने इवीएम विशेषकर कंट्रोल यूनिट और वीवी पैट मशीन को चलाने की प्रकिया की जानकारी दी। अगले चरण का प्रशिक्षण चौबीस मई को आयोजित होगा।

<><><><><><><>

देश भर में पहली जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। इस पर जानकारी देने के लिए दक्षिण अण्डमान पुलिस की ओर से समाज के विभिन्न वर्गों के लिए दो दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला पुलिस अधिकारियों की ओर से हैडो, चाथम, जंगलीघाट, बिडनाबाद, विम्बर्लीगंज, नीम्बू बगीचा, गुप्तापाड़ा, शहीद स्वराजद्वीप, हटबे, ओग्राब्रांज जैसे क्षेत्रों में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में जानकारी दी।

<><><><><><><>

शहीद द्वीप के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बहुविशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। गैर सरकारी संगठन विद यू, स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और डॉ. रितिका उपचार केन्द्र की ओर से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में ग्राम पंचायत शहीद द्वीप का भी सहयोग रहा। दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद अध्यक्षा एम. रजनी इस अवसर पर मुख्य अतिथि थीं, जबकि उपाध्यक्ष सरफुद्दीन सम्माननीय अतिथि थे। कार्यक्रम में पोर्ट ब्लेयर पंचायत प्रमुख चंपा दास, प्रधान पिंकी दास के अलावा कई अन्य लोग भी उपस्थित थे। विद यू की अध्यक्षा ने बताया कि संगठन की ओर से द्वीपों के अन्य ग्रामीण क्षेत्रो ंमें भी इसी तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वाजपेयी ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर स्तन कैंसर पर जागरूकता उत्पन्न करने के लिए पंचायत सामुदायिक हॉल में नुक्कड़–नाटक का मंचन किया गया।

<><><><><><><>

राज्य क्षेय रोग अधिकारी डॉ. पी. लाल ने कहा कि क्षय रोग से बचने के लिए खान–पान को ठीक रखना बहुत जरूरी है। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि देश के इक्कतीस प्रतिशत लोगों में तपेदिक के जीवाणु मौजूद है और जब भी रोग–प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है तो तपेदिक होने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि मधुमेह से ग्रसित लोगों में टी बी होने की संभावना अधिक है। धूम्रपान, नशा भी टी बी के प्रमुख कारक हैं।

<><><><><><><>

सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था चेतना की ओर से आज अभिनन्दन और साहित्यिक चर्चा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम आज शाम पांच बजे टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में आरंभ होगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत कैम्पबेल बे में बच्चों के उपचार के लिए डॉक्टरों की एक टीम ने हाल ही में इस क्षेत्र का दौरा किया। आयुर्वेद की चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपिका शर्मा, होमियोपैथी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. जिजी पॉल और अन्य चिकित्सा कर्मियों ने कैम्पबेल बे के स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों का उपचार और देखभाल किए। जांच के अलावा राष्ट्रीय जन्म दोष जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान अभिभावकों को जन्म दोष और अन्य पोषण की कमी के बारे में जानकारी दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कैम्पबेल बे प्रशिक्षण हॉल में चयनित पीर शिक्षकों के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। टीम के साथ कैम्पबेल बे दंत सर्जन डॉ. विरेन्दर संधु सिंह भी शामिल थे।

<><><><><><><>

डॉ0 बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान और डिगलीपुर के दूसरे बहुशिल्प संस्थान में डिग्री डिप्लोमा और ट्रेड डिप्लोमा कार्यक्रम में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल पर अट्ठाईस मई से चौबीस जून तक आवेदन किया जा सकता है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में वर्षा हो रही है। पोर्ट ब्लेयर और दक्षिण अंडमान के कई भागों में कल सवेरे से ही रूक–रूक कर हल्की से भारी वर्षा हो रही है। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि चालीस से पचास किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलेंगी और समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को पच्चीस मई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। अगले तीन दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में भारी वर्षा हो सकती है।

<><><><><><><>

चेन्नई से आ रहे जहाज एम. वी. स्वराजद्वीप के आज शाम छः बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है। जहाज में चार सौ से अधिक यात्री सवार है और दो सौ बीस से अधिक मिट्रिक टन माल लाया जा रहा है। जहाज हैडो जेट्टी पर लगेगा।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग की ओर से जोगर्स पार्क में जागरूकता और फिटनेस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में योग इंस्ट्रक्टरों द्वारा योग कराया जा रहा है। डॉक्टरों की टीम भी योग के लाभ और नशामुक्त समाज का निर्माण करने में लोगों की भागीदारी पर अपने विचार रख रहे हैं। समाज कल्याण निदेशक डॉ. नितिन शाक्या भी इस कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हुए ध्यान और योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में टेली मानसिक स्वास्थ्य देखभाल सेवा प्रदान करने के लिए अनिम्स परिसर में टेली मानस प्रकोष्ठ के कार्य करने के समाचार को डेली टेलीग्राम्स ने आज अपनी बड़ी खबर बनाया है। द्वीप समाचार ने दक्षिण और मध्योत्तर अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई करने के समाचार को प्रमुखता दी है। मानव मगरमच्छ संघर्ष को कम करने के लिए दक्षिण अण्डमान वन संभाग की ओर से कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को अण्डमान क्रोनिकल ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। समाज कल्याण विभाग की नशामुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया में जगह मिली है, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने पूर्व भारतीय क्रिकेट कैप्टन एम. एस. धोनी को उस बयान को प्रमुखता दी है, जिसमें उन्होंने कहा कि पेशेवर खेल में खिलाड़ी को फिट रहना बहुत जरूरी है।